# हिंदी साहित्य का इतिहास

*Time : 3 Hours]* *[Maximum Marks : Regular = 70, ICDEOL = 100*

*नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

**भाग-I**

1. किन्हीं **चौदह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) आदिकाल को 'प्रारम्भिक काल' की संज्ञा किसने दी?
(क) मिश्र बन्धु (ख) रामकुमार वर्मा (ग) रामचन्द्र शुक्ल

(ii) 'पृथ्वीराज रासो' के रचियता कौन है?
(क) नरपति नाल्ह (ख) दलपति विजय (ग) चन्दबरदाई

(iii) 'आल्हाखण्ड' किस कृति का दूसरा नाम है?
(क) परमाल रासो (ख) हम्मीर रासो (ग) पृथ्वीराज रासो

(iv) परम्परागत रूप से सिद्धों की संख्या कितनी मानी गई है?
(क) 80 (अस्सी) (ख) 84 (चौरासी) (ग) 86 (छियासी)

(v) कबीर की भाषा क्या थी?
(क) खड़ी बोली (ख) सधुक्कड़ी (ग) ब्रज

(vi) शंकराचार्य ने किस दार्शनिक सिद्धान्त का प्रचार किया?
(क) अद्वैतवाद (ख) द्वैतवाद (ग) विशिष्टाद्वैत

(vii) 'कृष्ण काव्यधारा' में श्रेष्ठ वात्सल्य-चित्रण किसने किया?
(क) रसखान (ख) मीराँबाई (ग) सूरदास

(viii) 'रामचरितमानस' किस प्रकार काव्य है?
(क) प्रबन्ध (ख) चम्पू (ग) मुक्तक

(ix) मिश्र बन्धुओं ने रीतिकाल को क्या नाम दिया?
(क) अलंकृतकाल (ख) कलाकाल (ग) शृंगारकाल

(x) सामान्य रूप से रीतिकाल का समय क्या माना जाता है?
(क) 1400 से 1600 संवत् (ख) 1500 से 1700 संवत् (ग) 1700 से 1900 संवत्

(xi) नन्ददास द्वारा रचित साहित्य लहरी का विषय क्या है?
(क) शृंगार (ख) भक्ति (ग) वीरता

(xii) घनानन्द किस प्रकार के कवित है?
(क) रीतिबद्ध (ख) रीतियुक्त (ग) रीतिसिद्ध

(xiii) 'निजभाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' किसकी पंक्तियाँ है?
(क) भारतेन्दु (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ग) बद्रीनारायण

(xiv) खड़ी बोली हिन्दी के सुधार और परिष्कार का कार्य किसने किया?

(क) भारतेन्दु (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ग) आचार्य शुक्ल

(xv) छायावाद का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) मुकुटधर पाण्डेय (ग) शांतिप्रिय द्विवेदी

(xvi) 'प्रथम तारसप्तक' का प्रकाशन कब हुआ?

(क) सन् 1943 (ख) सन् 1951 (ग) सन् 1953

14×1=14 (14×1=14)

## भाग-II

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए–

(क) आदिकाल की राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी साहित्य में आदिकाल के नामकरण पर प्रकाश डालिए।

(ग) आदिकाल की सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(घ) आदिकाल रासो ग्रंथों पर टिप्पणी लिखिए।

(ङ) 'सिद्ध, नाथ एवं जैन' साहित्य पर टिप्पणी लिखिए। 7+7=14 (11+11=22)

**3.** (क) संत कबीर का साहित्यिक-परिचय दीजिए।

*अथवा*

प्रेमाश्रयी काव्यधारा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) रामभक्ति काव्यधारा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

सूरदास का साहित्यिक-परिचय दीजिए। 7+7=14 (11+11=22)

**4.** (क) रीतिसिद्ध कवि बिहारी के साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

रीतिमुक्त काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

(ख) रीति का अर्थ स्पष्ट करते हुए रीतिकाल के सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

रीतिमुक्त काव्यधारा की सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 7+7=14 (11+11=22)

**5.** (क) भारतेन्दुयुगीन साहित्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

महावीर प्रसाद द्विवेदीयुगीन काव्यधारा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी उपन्यास की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

छायावादी काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

7+7=14 (10+10=20)

◆◆◆

# HINDI

## (Madhyakalin Hindi Kavita)

## PAPER : HIND 103

**Time Allowed : Three Hours]** **Maximum Marks = { Regular = 70 ; ICDEOL = 100**

**नोट**—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सही विकल्प चुनिए :

(*i*) 'कबीर' शब्द का अर्थ है :

(क) कर्मवीर (ख) छोटा (ग) महान।

(*ii*) कबीर किस काव्यधारा के प्रवर्तक थे ?

(क) सन्त काव्यधारा (ख) सूफी काव्यधारा (ग) कृष्ण काव्यधारा।

(*iii*) 'बीजक' रचना के भाग हैं :

(क) साखी (ख) सबद (ग) साखी, सबद और रमैणी।

(*iv*) 'सूरसागर' और 'भ्रमरगीत' के रचनाकार हैं :

(क) तुलसीदास (ख) मीरा (ग) सूरदास।

(*v*) तुलसीदास के बचपन का नाम था :

(क) रामबोला (ख) रामसिंह (ग) नारायण।

(*vi*) 'रामचरितमानस' में कांड है :

(क) सात (ख) दस (ग) बारह।

(*vii*) मीराबाई का जन्म हुआ था :

(क) द्वारिका (ख) जयपुर (ग) कुड़की।

(*viii*) 'मीरापदावली' की भाषा है :

(क) पश्चिमी राजस्थानी (ख) ब्रज (ग) अवधी।

(*ix*) 'प्रेमवाटिका' के रचनाकार हैं :

(क) सूरदास (ख) रसखान (ग) मीरा।

(*x*) रसखान के काव्य का आलंबन है :

(क) ब्रह्म (ख) कृष्ण (ग) राम।

(*xi*) बिहारी किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(क) रीतिसिद्ध (ख) रीतिबद्ध (ग) रीतिमुक्त।

(*xii*) भूषण मुख्यत: किस रस के कवि हैं ?

(क) श्रृंगार (ख) वीर (ग) भक्ति।

(*xiii*) घनानंद ने किस भाषा में रचना की ?

(क) अवधी (ख) ब्रज (ग) खड़ीबोली हिन्दी।

(*xiv*) घनानंद किस काल के कवि रहे हैं ?

(क) रीतिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) आदिकाल।

14 × 1 = 14

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सतगुरु की महिमा अनंत,अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाडिया, अनंत दिखावणहार॥

**अथवा**

रूप न रेख, बदन, बपु जाके संग न सखा सहाई।
ता निर्गुन सों प्रीति निरंतर क्यों निबहै, री माई ?
मन चुभि रही माधुरी मूरती रोम-रोम अरुझाई।
हौं बलि गई सूर प्रभु ताके जाके स्याम सदा सुखदाई।

(ख) कबीर का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

सूरदास के काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। 7 + 7 (10¾ + 10¾)

3. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अवधेस के दवारे गई, सूत गोद के भूपति लै निकसै।
अवलोकि हौं सोचविमोचन को, ठगी-सी रही, जे न ठगे धिक-से।
तुलसी मन-रंजत, रंजित-अंजन नैन सुखंजन-जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै नवनील सरोरूह-से विकसे।

**अथवा**

सूल सेज राणा ने भेजी, दीज्यो मीरां सुलाय।
सांझ भई मीरां सोवण लागी, मानो फूल बिछाय।
मीरां के प्रभु सदा सहाई, राख विघन हटाय।
भजन भाव में मस्त डोलती, गिरिधर पर बलि जाय।

(ख) तुलसीदास के काव्य-सौष्ठव पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

मीराबाई की काव्यगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 7 + 7 (10¾ + 10¾)

4. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पशु हौं तो कहा बस मेरे चरौं निद नंद की धेनु मंझारन।
पाहन हौं तो वही गिरिको जो धरयो कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।

**अथवा**

नहीं परागु, नहीं मधुर मधु, नहीं विकास इहि काल।
अली, कली ही सौं बंध्यो, आगे कौन हवाल।

(ख) रसखान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

बिहारी का साहित्यिक परिचय दीजिए। 7 + 7 (10¾ + 10¾)

5. (क) प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

महाबीर ता बंस मैं, भयो एक अबनीस।
लियो विरद सोसौदिया, दियो ईस को सीस।

**अथवा**

हीन भयें जल मीन अधीन, कहा कुछ भी अकुलानि-समानै।
नीर-सनेही को लाय कलंक निरास ह्वै कायर-त्यागत प्रानै।
प्रीति की रीति सु क्यों समुझे जड़, मीत के पानि परे को प्रमानै।
या मन की जु दसा घनआनन्द जीव की जीवति जान ही जानै।

(ख) भूषण का जीवन-परिचय देते हुये उनकी राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

घनानंद का कवि-परिचय दीजिए।

7 + 7 (10¾ + 10¾

# B.A. PART—I (H.P.U.)
# HINDI
## (Hindi Bhasha Aur Samprekshan)
## (AECC-2)
## PAPER : HIND 104

**Time Allowed : 3 Hours]** **[Maximum Marks : { Regular = 70, ICDEOL = 100**

**नोट**— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं **चौदह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) "उच्चरित ध्वनि संकेतों की सहायता से भाव या विचार की अभिव्यक्ति भाषा है।" यह परिभाषा किस विद्वान् की है ?

(क) भोलानाथ तिवारी (ख) बाबूराम सक्सेना (ग) देवेन्द्र शर्मा।

(*ii*) मानक भाषा का एक नाम है :

(क) टकसाली भाषा (ख) अमानक भाषा (ग) कूटभाषा।

(*iii*) सकर्मक और अकर्मक भेद हैं :

(क) संज्ञा के (ख) विशेषण के (ग) क्रिया के।

(*iv*) हिन्दी में धातु के कितने भेद हैं ?

(क) तीन (ख) पाँच (ग) सात।

(*v*) मोक्ष की इच्छा रखने वाले को क्या कहते हैं ?

(क) मुमुक्षु (ख) मोक्षार्थी (ग) मोक्षी।

(*vi*) बंदर का पर्यायवाची नहीं है :

(क) शाखामृग (ख) मर्कट (ग) ब्याल।

(*vii*) 'उत्कृष्ट' का विलोम शब्द क्या है ?

(क) क्षुद्र (ख) नीच (ग) निकृष्ट।

(*viii*) 'बगुला भगत' का अर्थ क्या है ?

(क) साधु (ख) कपटी (ग) नीच।

(*ix*) 'उच्चारण' में लगने वाले समय के आधार पर स्वर वर्णों के कितने भेद होते हैं ?

(क) दो (ख) तीन (ग) चार।

(*x*) 'स्पर्श', 'अंतस्थ' और 'ऊष्म' भेद हैं :

(क) स्वर के (ख) व्यंजन के (ग) किसी के नहीं।

(*xi*) 'अनुतान' का अर्थ है :

(क) सुर लहर (ख) संगीत (ग) गायन।

(*xii*) 'ए' और 'ऐ' का उच्चारण स्थान है :

(क) कंठ (ख) तालु (ग) कंठ - तालु।

(*xiii*) लक्षणों के आधार पर श्रोता कितने प्रकार के हैं ?

(क) दो (ख) तीन (ग) चार।

(xiv) 'सार्थकता', 'क्रम', 'आकांक्षा' आदि वाक्य के क्या हैं ?

(क) तत्व (ख) गुण (ग) दोनों।

(xv) रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?

(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच।

(xvi) 'उद्देश्य' और 'विधेय' किसके अंग हैं ?

(क) स्वर (ख) शब्द (ग) वाक्य। $14 \times 1 = 14$

$(14 \times 1 = 14)$

2. (क) भाषा का अर्थ स्पष्ट करते हुए भारतीय भाषा-विज्ञानियों द्वारा दी गई परिभाषाओं पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'भाषा' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'समास' से क्या अभिप्राय है ? इसके भेदों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

***अथवा***

'क्रिया' से क्या अभिप्राय है ? इसके भेदों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। $7 + 7 = 14$

$(11 + 11 = 22)$

3. (क) हिन्दी की वर्ण-व्यवस्था पर विस्तृत प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'स्वर' के विभिन्न आधारों पर कितने भेद होते हैं ? सोदाहरण वर्णन कीजिए।

(ख) 'व्यंजन' किसे कहते हैं ? इसके भेदों-उपभेदों पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'हिन्दी-व्यंजनों' के प्रयोग की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। $7 + 7 = 14$

$(11 + 11 = 22)$

4. (क) 'बलाघात', 'संगम' और 'अनुतान' के स्वरूप का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

***अथवा***

'संधि' से क्या अभिप्राय है ? इसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी वर्णों के उच्चारण स्थान और प्रयत्न सम्बन्धी विवरण को रेखाचित्र के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

'उच्चारण-स्थान' से क्या अभिप्राय है ? हिन्दी वर्णों के उच्चारण-स्थानों का परिचय दीजिए।

$7 + 7 = 14$

$(11 + 11 = 22)$

5. (क) 'सम्प्रेषण' का अर्थ स्पष्ट करते हुए 'उत्तम' एवं 'अधम' श्रोता के लक्षणों पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'रचनात्मक-लेखन' से क्या अभिप्राय है ? रचनात्मक साहित्य के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

(ख) अपने मित्र को उसके भाई के विवाह के उपलक्ष्य में बधाई-पत्र लिखिए।

***अथवा***

पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखकर स्नातक प्रथम वर्ष की पुस्तकें मँगवाएँ। $7 + 7 = 14$

$(10 + 10 = 20)$

# प्रयोजनमूलक हिन्दी

**[PAPER : HIND-101]**

Time : 3 Hours | *Maximum Marks* { Regular – 75, NCWEB – 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## भाग-I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'ड्राफ्ट' को हिन्दी में क्या कहते हैं?
 (क) प्रतिवेदन (ख) टिप्पण (ग) प्रारूपण

(ii) 'अभिनन्दन' का प्रयोग किस पत्र में होता है?
 (क) सामाजिक पत्र (ख) कार्यालयी पत्र (ग) दोनों में नहीं

(iii) 'कम्प्यूटर' को हिन्दी में क्या कहते हैं?
 (क) संगणक (ख) मशीन (ग) यन्त्र

(iv) निम्नलिखित में कौन सा शब्द शुद्ध है?
 (क) उज्जवल (ख) उज्वल (ग) उज्ज्वल

(v) संस्कृत में से शब्द जो बिना विकार के हिन्दी में आए क्या कहलाते हैं?
 (क) तद्भव (ख) तत्सम (ग) देशज

(vi) निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची नहीं है?
 (क) गगन (ख) अम्बर (ग) नभ

(vii) किसी भी शब्द का 'उल्टा' अर्थ क्या कहलाता है?
 (क) समानार्थक (ख) पर्यायवाची (ग) विलोम

(viii) जो शब्दांश किसी शब्द के प्रारम्भ में जुड़कर उसका अर्थ परिवर्तित करे, उसे क्या कहते हैं?
 (क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग (ग) कारक

(ix) जिन शब्दों के टुकड़े (खण्ड) करने पर अर्थ न निकले, उन्हें क्या कहते हैं?
 (क) यौगिक रूढ़ि (ख) यौगिक (ग) रूढ़ि

(x) क्ष, त्र, ज्ञ हिन्दी वर्णमाला में किस नाम से जाने जाते हैं?
 (क) स्वर (ख) व्यंजन (ग) संयुक्त व्यंजन

(xi) 'हिन्दी भाषा' की लिपि क्या है?
 (क) गुरुमुखी (ख) देवनागरी (ग) खरोष्ठी

(xii) एक वैज्ञानिक लिपि में एक ध्वनि के लिए एक ही वर्ण होना चाहिए, किसने कहा?
 (क) डॉ. रामकुमार (ख) डॉ. शुक्ल (ग) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(xiii) सी.पी.यू., मॉनीटर, की-बोर्ड और मॉउस कम्प्यूटर के किस भाग के अन्तर्गत आते हैं?

(क) हार्डवेयर (ख) सॉफ्टवेयर (ग) इनमें से कोई नहीं

(xiv) रचना के आधार पर 'शब्द' के कितने भेद होते हैं?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन

(xv) 'टाइप' को हिन्दी में क्या कहते हैं?

(क) टंकण (ख) मुद्रण (ग) ड्राफ्ट 1×14=14

## भाग-II

**2.** (क) 'प्रारूपण' से क्या अभिप्राय है? अच्छे प्रारूपण की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

*अथवा*

अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को छात्रवृत्ति पाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ख) 'अनुवाद' का अर्थ स्पष्ट करते हुए अनुवाद के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

'टिप्पण' का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 7 + 7 = 14 (12 + 12 = 24)

**3.** (क) मुहावरे व लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उसके वाक्य बनाइए–

(i) आकाश पाताल एक करना (ii) कान पर जूँ न रेंगना

(iii) नमक मिर्च लगाना (iv) हवा से बातें करना

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों को शुद्ध कीजिए–

(i) वहाँ काफी मात्रा में लोग मौजूद थे। (ii) मैंने सेब को खाया।

(iii) वह रविवार के दिन आएगा। (iv) वह असली गाय का दूध है।

(v) साहित्य और जीवन का घोर सम्बन्ध है। (vi) वह रोती-रोती थक गई।

(vii) खोदा पहाड़ निकला चूहा। 8 + 6 = 14 (12 + 9 = 21)

**4.** (क) निम्नलिखित वाक्यांश में से किन्हीं छः के लिए एक शब्द लिखिए–

(i) अपने परिवार सहित (ii) बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना

(iii) आकाश चूमने वाला (iv) ईश्वर में आस्था रखने वाला

(v) जिसका कोई शत्रु न हो (vi) जो संविधान अनुकूल हो

(vii) वह औरत जिसे उसके पति ने छोड़ दिया हो (viii) दोपहर का समय

*अथवा*

(ख) देवनागरी लिपि का अर्थ लिखकर उसकी मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

*अथवा*

देवनागरी लिपि के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए इसके सुधार सम्बन्धी सुझाव पर विद्वानों के द्वारा बताई बातों का उल्लेख कीजिए। 6 + 8 = 14 (9 + 12 = 21)

**5.** (क) कम्प्यूटर की संरचना पर प्रकाश डालते हुए इसके गुणों का उल्लेख कीजिए।

*अथवा*

कम्प्यूटर का अर्थ स्पष्ट करते हुए मनुष्य बनाम कम्प्यूटर में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं आठ पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए–

(i) Account (ii) Ad hoc (iii) Circular (iv) Clerk

(v) Dispatch (vi) Enclosure (vii) Financial year (viii) Mayor

(ix) Notification (x) Depositor (xi) Tender 6 + 8 = 14 (8 + 12 = 20)

◆◆◆